विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम बुद्धवार हेतु श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 14 (क) | क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि निदेशक कारखाना के पद पर तैनाती हेतु क्या मानक निर्धारित है? | श्रम विभाग (कारखाना एवं ब्वायलर प्रभाग) अधिकारी सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 1992 के नियम-5(नौ) में निर्धारित व्यवस्थानुसार आयोग के माध्यम से नियुक्त उप कारखाना निदेशकों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में कम से कम दस वर्ष की सेवा पूरी की हो, योग्यता के आधार पर पदोन्नति द्वारा चयनित उप निदेशक कारखाना को निदेशक कारखाना के पद पर तैनाती प्रदान की जाती है। |
| (ख) | क्या निदेशक कारखाना का पद जुलाई 2023 से रिक्त चल रहा है? | शासन के कार्यालय आदेश दिनांक 21.12.2023 द्वारा निदेशक कारखाना के रिक्त पद का अस्थाई रूप से प्रभार श्रमायुक्त, उ0प्र0, कानपुर को अग्रिम आदेशों तक प्रदान किया गया है। |
| (ग) | क्या निदेशक कारखाना के पद को भरने की योजना बनाकर नियमित चयन हेतु माह जून, 2024 में आदेश प्रदान किये गये है? | जी हां। |
| (घ) | यदि हॉ, तो उक्त आदेशों के अनुपालन में कब तक नियमित निदेशक कारखाना के पद पर नियुक्ति करायेंगे ? | वर्तमान नियमावली के अनुसार निदेशक कारखाना के पद पर पदोन्नति हेतु कोई उप निदेशक कारखाना अर्ह नहीं है। अर्ह उप निदेशक कारखाना उपलब्ध होने पर पदोन्नति के उपरान्त उन्हें निदेशक कारखाना के पद पर तैनात किया जायेगा। |
| (ङ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

अनिल राजभर,
मंत्री।